दैनिक
न्याय साक्षी



# रायगढ़ जिले के डोंगीतराई और पंडरीपानी में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का हुआ शिलान्यास

- 7 ब्लॉक में बनेंगे 14 ग्रामीण औद्योगिक पार्क
- गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने लगातार कर रहे है कार्य-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल कार्यक्रम में किया महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का शिलान्यास

**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश में ग्रामीण उद्यमिता एवं आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) गौठानों का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती में उनका स्मरण किया। उन्होंने आगे कहा कि गांधी जी ने जो ग्राम स्वराज का सपना देखा था, उसे धरातल पर मूर्त रूप देने प्रदेश में लगातार काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत अनेक रोजगार मूलक कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज रीपा एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीपा के विकसित होने से स्थानीय जरूरत और बाजार की संभावनाओं के आधार पर अनेक उद्यम स्थापित होंगे और लोगों को रोजगार मिलेगा।

आज रायगढ़ जिले के डोंगीतराई और पंडरीपानी के रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शिलान्यास किया गया। पंडरीपानी में शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष



निराकार पटेल, कलेक्टर रानू साहू, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि रीपा शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इससे गांवों का औद्योगिक विकास होगा। ग्रामीण उद्यमिता और आय संवर्धन की दिशा में शासन का महत्वपूर्ण कदम है। गोठानों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी होंगी एवं लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा गौठान) के लिए महिलाओं को बधाई देते हुए बेहतर कार्य करने को कहा।

कलेक्टर रानू साहू ने कहा की जिले के 7 विकासखण्ड के 14 गोठानों को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रुप में चयन किया गया है। जिसमें महिलाओं के मांग के आधार पर गतिविधियां संचालित की जायेगी। इससे समूह के अतिरिक्त आय में वृद्धि होगी। कलेक्टर साहू ने बताया कि टीसीएस के द्वारा रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके पश्चात प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। वहीं बोतल्दा में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना है। जिससे महिलाओं के साथ आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा एवं आजीविका संवर्धन होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिका विनोद भारद्वाज, पुनीता दिलीप पटेल, बीडीसी राधा गोपी यादव, पण्डरीपानी सरपंच दिगम्बर प्रसाद राठिया, डोंगीतराई सरपंच मनोज पटेल, लक्ष्मी पटेल, विनोद भारद्वाज, सागर दीवान, घनश्याम पटेल, सुदर्शन पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, मनोज पटेल, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर. एच.पाण्डेय, उप संचालक कृषि हरिश राठौर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा उपस्थित रहे।

**हितग्राहियों से मुख्यमंत्री बघेल ने की बात-** गोठान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कीर्तन पटेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि गौठान में मुर्गीपालन, मछली पालन, साग-सब्जी, वर्मी कम्पोस्ट बनाये जा रहे है। वर्मी कम्पोस्ट विक्रय कर समूह को लगभग 1.50 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई है। इसी प्रकार अन्य गतिविधियों को भी बेहतर रूप से संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे समूह को अधिक से अधिक लाभ हो सके। सरस्वती पटेल ने बताया कि गोठान से विभिन्न समूह जुड़े हुए हैं। समूह द्वारा वर्मी, आटा, दाल आदि का प्रोसेसिंग किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि गौठान में वृहत स्तर पर मुर्गीपालन की योजना बनायी जा रही है जिससे अधिक मात्रा में अण्डा उत्पादन किया जा सके। जिसे स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने आटा व दाल की मिनी प्रोसेसिंग यूनिट की मांग की, जिससे महिलाएं वृहद स्तर पर दाल एवं आटा प्रोसेसिंग कर सके। उनकी इस मांग को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## दुकान का नौकर निकला विश्वासघाती, मालिक की गैरमौजूदगी में 5.60 लाख रूपए का सामान बेचकर हुआ रफुचक्कर, कोतवाली थाने में अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 02.10.2022 को जवाहर नगर दुर्ग में रहने वाले आकाश शर्मा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ आकर उनके दुकान के कर्मचारी द्वारा बिना जानकारी दुकान का सामान बेचकर अन्यत्र भाग जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि इसका रायगढ में कार्मेल स्कूल के सामने हाईव न्यूट्रिशियन नाम का व्यवसायिक प्रतिष्ठान है जिसे नवम्बर 2017 में प्रारंभ किये थे, फरवरी 2018 से शॉप में काम करने के लिए 6,000 रूपये मासिक वेतन पर मुरलीधर चौहान निवासी जगतपुर अंश होटल के पीछे रायगढ़ को रखे थे। हर माह एक बार दुर्ग से दुकान आकर रजिस्टर चेक कर स्टाक देखकर जाता था। तीन साल से सब ठी चल रहा था, जिससे मुरलीधर विश्वास अर्जित कर चुका था। अब फोन से ही उससे बात कर दुकान के बारे में जानकारी लेने लगे। अगस्त 2022 में काफी समय बाद जब दुकान आकर स्टाक व रजिस्टर




चेक किये तो देखे फरवरी 2022 से अगस्त 2022 के मध्य दुकान में बिक्री के लिए आये हाईव न्यूट्रिशियन के बिक्री का कोई लेखा जोखा नहीं था। जब मुरलीधर से पूछे तो गोल मोल जवाब दिया जो अब रायगढ छोड़कर कहीं भाग गया है, मुरलीधरभरोसे का फायदा उठाकर सामान को अफरा-तफरी कर बिक्री किये गये सामान का पैसा 5,60,000/ रूपये का हड़प कर धोखाधड़ी किए जाने के संबंध में दिए गए आवेदन पर आरोपी मुरलीधर चौहान के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में धारा 408, 420 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## गांधी जयंती पर आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत निकली साइकिल रैली

- महापौर जानकी काटजू और कलेक्टर रानू साहू ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर महापौर जानकी काटजू और कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से स्वास्थ्य विभाग द्वारा निकाली गई साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, सीएमएचओ डॉ.एस.एन केशरी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत जिले में 7 अक्टूबर 2022 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में योजना के प्रचार-प्रसार हेतु 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर जिले में सायकल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्टोरेट परिसर से रवाना हुई। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र शामिल हुए। रैली का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना, डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना व मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करना था।

उल्लेखनीय है कि 26 सितंबर को केन्द्रीय स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आयोजित आयुष्मान पखवाड़ा 3.0 कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को आयुष्मान भारत योजना तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत दो राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिले। इनमें सर्वाधिक महिलाओं का पंजीयन एवं साथ में उन्हें उपचार भी प्रदान के क्षेत्र में भी प्रदेश सरकार को पुरस्कृत किया गया है।

## बैटरी, डीजल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से दो बैटरी जब्त, खरसिया पुलिस ने भेजा रिमांड पर

- भालूनारा रेल्वे साईट में खड़ी पोकलेन मशीन में तोड़फोड कर बैटरी, डीजल और टूल्स चोरी कर भागे थे आरोपी

**रायगढ़।** थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम के नेतृत्व में खरसिया पुलिस द्वारा ग्राम भालूनारा रेल्वे साईड पर पोकलेन मशीन में तोड़फोड कर वाहन की बैटरी, डीजल व टूल्स चोरी कर फरार हुये दो आरोपियों को दिनांक 01.10.2022 को गिरफ्तार कर आरोपियों से चोरी की 2 बैटरी बरामद कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



थाना खरसिया में पोकलेन मशीन चलाने वाले ऑपरेटर कमलेश पाण्डेय (21 साल) ग्राम कचंदा थाना नगरदा जिला जांजगीर चांपा द्वारा दिनांक 27.07.2022 को घटना के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 26-07-2022 को ग्राम भालूनारा रेल्वे साईड में पोकलेन मशीन से काम कर शाम करीब 07-00 बजे अपने किराया मकान भेलवाडीह वापस आ गया था। दूसरे दिन सुबह सुपरवाईजर जवाहर लाल द्वारा फोन कर बताया कि बीते रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पोकलेन मशीन को तोड फोड कर 02 बैटरी, डीजल, टूल सामान कीमती 15,000 रूपये को चोरी कर ले गये हैं , रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 356/2022 धारा 379, 427 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध विवेचना दौरान पोकलेन मशीन तोड़फोड चोरी में ग्राम भालूनारा के रामायण अगरिया और देवलाल चौहान के शामिल होने की जानकारी मिली, दोनों घटना के बाद से फरार थे जिनकी सूचना देने थाना प्रभारी खरसिया नंद किशोर गौतम द्वारा ग्राम भालूनारा पास अपने मुखबिर तैनात किये थे जिनकी सूचना पर कल दिनांक 01.10.2022 को दोनों आरोपी (1) रामायण अगरिया पिता परदेशी अगरिया (2) देवलाल चौहान पिता कांता लाल चौहान निवासी भालूनारा थाना खरसिया को हिरासत में लिया गया जिनसे चोरी की 2 बैटरी बरामद कर आरोपियों को जेएमएफसी खरसिया के न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी और मशरूका बरमदगी में थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम के साथ हमराह आरक्षक योगेश साहू एवं राठौर की अहम भूमिका रही है।

## चोरी की बाइक के साथ की आरोपी गिरफ्तार, दो दिन पहले थाने में की गई थी वाहन चोरी की रिपोर्ट

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में दिनांक 01.10.2022 को कोतवाली पुलिस द्वारा आर्शीवादपुर कालोनी से चोरी हुई नीरज शर्मा पिता महेश चंद्र शर्मा उम्र 49 वर्ष की 5G एक्टिवा स्कुटी को दिनदयाल कालोनी में रहने वाले दिलसाय चौहान (21साल) के पास से बरामद किया गया है। दिनांक 29.09.2022 को रिपोर्टकर्ता नीरज शर्मा द्वारा दोपहर के समय कालोनी से स्कुटी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी पर धारा 379 IPC का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी के बाद माल मुल्जिम पतासाजी में आर्शीवादपुरम कालोनी पहुंचे कोतवाली स्टाफ द्वारा आसपास लगाने CCTV फुटेज चेक किया गया। घटना समय फुटेज में दिख रहे लोगों के संबंध में कालोनीवालों से पूछताछ किये जिसमें दिनदयाल कालोनी में रहने वाला युवक दिलसाय चौहान संदिग्ध प्रतीत हुआ जिसे तत्काल पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर हिरासत में लिया गया और वाहन चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ किये जो स्कुटी की चोरी कर छिपाकर रखना कबुल किया । आरोपी दिलसाय चौहान पिता स्व. समारू चौहान 21 साल निवसी दिनदयाल कालोनी थाना कोतवाली रायगढ़ से चोरी गया वाहन एक्टीवा 5जी जी स्कूटी क्रमांक सी.जी. 13 ए.एफ. - 5128 बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी मनीष नागर, प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी, विक्रम चौरसिया प्रमुख रूप से शामिल थे।



## बेकार हो चुके गाड़ी के पहिए अब बच्चों में शारीरिक विकास को दे रहे रफ्तार

- बच्चों को मैदानी खेलों और एक्टिविटी से जोड़ने की हो रही पहल

**रायगढ़।** कोई भी चीज अनुपयोगी नहीं होती, बस उन्हें देखने का नजरिया होना चाहिए, जिससे उन्हें बेहतर इस्तेमाल कर सके और इस मामले में हम भारतीयों का कोई तोड़ नहीं, जिसे आम भाषा में जुगाड़ भी कहते है। यही नजारा ग्राम पंचायत लाखा के स्कूल में देखने को मिलेगा, जहां अनुपयोगी हो चुके गाड़ी के पहिए आज बच्चों के बीच मनोरंजक खेल सामग्री बन गए हैं और उनके बेहतर शारीरिक विकास को रफ्तार दे रहे हैं।

रायगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लाखा के स्कूल मैदान में अलग-अलग रंगों से पेंटेड टायर्स को जमीन में लगाया गया है। जो देखने में



बड़े आकर्षक लगते हैं और बच्चों में फिजिकल एक्टिविटी के लिए उत्सुकता भी जगाते हैं। खेल कुद के समय बच्चों की यहां भीड़ रहती है। खेल के इस नए तरीके को लेकर उनमें बड़ा उत्साह है। चहल-कदमी पूरे दिन होती होती है। असल में खूबसूरत अर्ध चंद्राकर जमीन में गड़े हुए दिखने वाले मालवाहक गाडिय़ों के खराब टायर है। जो बिल्कुल अनुपयोगी हो चुके थे, लेकिन इन वेस्ट टायर को बेहतरीन और मनोरंजक शारीरिक गतिविधि सामग्री (बेस्ट इंटरटेनिंग फिजिकल एक्टिविटी इक्यूपमेंट) के रुप में इजाद कर दिया गया है।



कलेक्टर रानू साहू ने बच्चों के लिए बेहतर मानसिक और शारीरिक विकास के लिए माहौल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में इन खराब मटेरियल के बेहतर इस्तेमाल के साथ बच्चों के लिए एक्टिविटी मैटेरियल के रूप में उपयोग करने की रूपरेखा बनी। इसके लिए यूनिसेफ के साथ जनपद स्तर के अधिकारियों ने भी अपना योगदान दिया और इन खराब हो चुके सामग्रियों का संकलन के साथ इन्हे उपयोगी बनाने में सहयोग दिया। खराब होने के बाद यहां वहां पड़े रहने वाले टायर आज मैदान की खूबसूरती बढ़ा रही है, वहीं ये आंगनबाड़ी के साथ स्कूल के बच्चों के लिए भी खेल सामाग्री की तरह उपयोग में आ रहे है, जिससे स्कूली बच्चों को शारीरिक क्षमता भी विकसित कर रही है। आज की जीवनशैली में बच्चे अमूमन मैदानी खेलों से दूर घर की चारदीवारी में टीवी मोबाइल से चिपके नजर आते हैं। ऐसे में उन्हें वापस मैदानी खेलों से मनोरंजक तरीके से जोडऩे की कोशिश इस खास पहल का भी उद्देश्य है। इसमें जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र पटेल, यूनिसेफ की ओर से संतोष पटोदा के साथ एसडीओ आरईएस एस.एन.महापात्रा रोजगार सहायक मुकेश गुप्ता तथा आंगनबाड़ी वर्कर माधुरी गुप्ता का भी सहयोग रहा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कबड्डी आयोजन कराने की बात को लेकर मारपीट, आरोपी पर हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम पाकरगांव में रहने वाला सादाराम सिदार पिता साधुराम सिदार उम्र 36 वर्ष दिनांक 02.10.2022 को थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज उनके गांव में कबड्डी प्रतियोगिता रखे थे, सुबह करीब 10 बजे गांव का धनेश पैंकरा स्कूल मैदान के पास आकर बेवजह गाली गलौच कर " गांव में कबड्डी करवाने वाले तुम कौन होते हो कहते हुए हाथ में रखे धारदार हथियार से सीने में मारा दूसरा वार भी करने वाला था जिसे सादाराम रोका। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के विरूद्ध धारा 294, 506, 307 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### गौठान की गतिविधियों में लापरवाही बरतने पर दो पंचायत सचिव निलंबित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुंगेली जिले के ग्राम पंचायत राजपुर एवं उजियारपुर के पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस. राजपूत द्वारा उक्त दोनों ग्राम पंचायत सचिवों के निलंबन की कार्रवाई उनके द्वारा गौठान के कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में की गई है। ग्राम पंचायत राजपुर के सचिव अर्जुन लाल यादव द्वारा गौठान में गोबर खरीदी नहीं कराने एवं गौठान कार्य में सहयोग नहीं करने तथा ग्राम पंचायत उजियारपुर के सचिव बलरामदास मानिकपुरी द्वारा गौठान में हो रहे निर्माण कार्य, टीकाकरण कार्य में सहयोग नहीं करने एवं शासन की फ्लैगशिप योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं लेने के मामले में निलंबित किया गया है। निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में अर्जुन लाल यादव का मुख्यालय जनपद पंचायत मुंगेली और बलरामदास मानिकपुरी का मुख्यालय जनपद पंचायत लोरमी निर्धारित किया गया है।

### पिकनिक मनाने गए 18 लोग सड़क हादसे में घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भेलवागुड़ी के पास हुए जबरदस्त हादसे में 18 लोग घायल हो गए है। हादसे में घायल सभी लोग ग्राम हथनेवरा जांजगीर-चाम्पा के निवासी बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि वे लोग मड़वारानी पिकनिक मनाने गए हुए थे। वहां से सभी पिकअप वाहन में घर लौट रहे थे। तभी रास्ते मे हादसा हो गया, डायल 112 की सहायता से सभी घायलों को शासकीय मेडिकल अस्पताल भेजा गया है, जहाँ दो की हालत गम्भीर बनी हुई है। उरगा पुलिस के दौरा मौके पर पहुंच कर सबको 112 के माध्यम से व 108 के माध्यम से जिला चिकित्सालय कोरबा भेजा गया।

### आकाशीय बिजली से दो की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** आकाशीय बिजली से शुक्रवार को दो की मौत हो गई और दो घायल हो गए। दोनों घटना बुंदेली चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। जानकारी के अनुसार तेंदूकोना थाना के बुंदेली चौकी क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से जय सिंह ठाकुर (55) और लखन सिंह (32) की मौत हो गई। दोपहर करीब ढाई बजे खाना खाने के बाद दोनों टहलने निकले थे। अचानक बारिश शुरू होने पर बचने के लिए दोनों नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में रुके। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी। उसकी चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है। पुलिस ने एक अन्य घटना में दो अन्य के घायल होने की भी जानकारी दी है। इनमें बोरईलामी क्षेत्र के पंकज पटेल (14) और खेमन यादव (16) आकाशीय बिजली की चपेट में आकर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए भुरकोनी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने दोनों की स्थिति सामान्य बताई है।

### सड़ दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति पर केस दर्ज

**महासमुंद (आरएनएस)।** सडक़ दुर्घटना में पत्नी की मौत के बाद सूचना पर तुमगांव पुलिस ने पति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को पटेवा थाना क्षेत्र के खट्टा निवासी द्वारिका चौहान पत्नी भोजबाई चौहान को बाइक पर लेकर जा रहा था। इसी दौरान तुमगांव पेट्रोल पंप के पास सामने बैल आ जाने से द्वारिका चौहान (36) ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे भोजबाई गिर गईं। घटना में भोजबाई के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मामले में लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाने के लिए द्वारिका चौहान के खिलाफ तुमगांव थाना में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480